# प्रबंध मण्डल की 60वीं बैठक
## (दिनांक 06 जून 2022)
### समय : पूर्वान्ह 11:00 बजे

# कार्यवृत्त

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय
चित्रकूट–485334, सतना (मध्यप्रदेश)

# महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट
## प्रबंध मण्डल की 60वीं बैठक, दिनांक 06 जून 2022, पूर्वान्ह 11:00 बजे
## कार्यवृत्त

प्रो0 भरत मिश्रा, कुलपति, म.गां.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट की अध्यक्षता में प्रबंध मण्डल की 60वीं बैठक 06 जून 2022 को महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, सतना, में आफलाइन एवं आनलाइन सम्पन्न हुई।

**बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यगण**

| क्र. | नाम एवं पद | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो भरत मिश्रा, कुलपति, म.गां.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट | अध्यक्ष |
| 2 | प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, भोपाल /<br>(नामिनी – डॉ. पंकज श्रीवास्तव, उच्च शिक्षा विभाग, रीवा सम्भाग) | सदस्य |
| 3 | डॉ. रघुराज किशोर तिवारी, सीनियर साइंटिस्ट, कालेज आफ एग्रीकल्चर, रीवा, (म.प्र.) | सदस्य (आनलाइन) |
| 4 | डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, जबलपुर (म.प्र.) | सदस्य (आनलाइन) |
| 5 | श्री नारायण सिंह पटेल,नरसिंहपुर, (म.प्र.) | सदस्य |
| 6 | श्री विनोद तिवारी, प्रेमनगर, गली नम्बर 3, सतना, (म.प्र.) | सदस्य |
| 7 | सुश्री उर्मिला श्रीवास्तव, अध्यक्ष, सर्वोदय आश्रम, सिकन्दरपुर, टडियाला, हरदोई (उ.प्र.) | सदस्य |
| 8 | डॉ. ए. के. पात्रा डायरेक्टर, इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ स्वाइल साइंस, भोपाल | सदस्य |
| 9 | श्री अभय महाजन, संगठन सचिव, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) | सदस्य |
| 10 | डॉ. विवेक विनायकराव धोगढ़ी, पोष्ट व तहसील अश्ती, जिला– वर्धा, गुजरात | सदस्य |
| 11 | डॉ. अजय कुमार, कुलसचिव, म.गाँ.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट | असदस्य सचिव |

सर्वप्रथम कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने प्रबंध मण्डल के सभी सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि यह विश्वविद्यालय भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के सपनों का केन्द्र है। इसे शिक्षा के उच्चतम शिखर पर पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। कुलपति प्रो. मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना "मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम" के अन्तर्गत बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्लू. का अभिनव पाठ्यक्रम इस विश्वविद्यालय द्वारा सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है। उन्होने विश्वविद्यालय में संचालित विविध गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में नवाचार को आगे बढाते हुए ग्रामीण विकास के अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

मध्यप्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में कार्यसूची के बिन्दु कमांक 60.1 से लेकर बिन्दु कमांक 60.4 तक के विषय पर ही चर्चा की गयी।

| क्रमांक | कार्य–सूची के बिन्दु एवं निर्णय |
|---|---|
| 60.1 | प्रबंध मंडल की 59वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं पालन प्रतिवेदन।<br>**निर्णय : प्रबंध मण्डल की 59वीं बैठक के बिन्दु क्रमांक 59.1.1, 59.1.2, 59.6 एवं 59.6.1 को छोडकर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।** |
| 60.2 | विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन।<br>निर्णय : सूचना ग्रहण की गई। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। |
| 60.3 | विद्या परिषद की 51वीं बैठक (दिनांक 26 नवम्बर 2021) एवं 52वीं बैठक (दिनांक 06 अप्रैल 2022) का कार्यवृत्त।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गई।** |
| 60.4 | वित्त समिति की बैठक का कार्यवृत्त–<br>शासन द्वारा गठित वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनांक 21 अप्रैल 2022 को सम्पन्न हुई। कार्यवृत्त – सूचनार्थ।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गई।** |
| | (अ) वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखा वित्तीय वर्ष 2020–21 – अनुमोदनार्थ<br>**निर्णय : अनुमोदित।** |
| | (ब) वित्त समिति द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय का पुनरीक्षित बजट 2021–22 एवं बजट अनुमान 2022–23 – अनुमोदनार्थ<br>**निर्णय : अनुमोदित।** |

**प्रबंध मंडल के सम्मानित सदस्यों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण सुझाव निम्नवत हैं–**

1. वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति/रिपोर्ट प्रबंध मंडल के सदस्यों को भी उपलब्ध करायी जाय।
2. विश्वविद्यालय के प्लेसमेण्ट सेल को और प्रभावी किया जाय।
3. प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय की एक स्मारिका प्रकाशित की जाय।
4. मास्टर आफ फिजिकल हेल्थ एजुकेशन पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर विचार किया जाय।
5. उर्वरक, कीटनाशक के प्रयोग से मिट्टी प्रभावित हो रही है अतः इस दिशा में विश्वविद्यालय को पहल करना चाहिए। जैविक खेती पर जोर दिया जाना उचित होगा।
6. राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को प्रभावी एवं सशक्त बनाया जाय।
7. विश्वविद्यालय के फैकल्टी एक्सचेंज की दिशा में भी प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

प्रबंध मण्डल के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के प्रति कुलसचिव डॉ. अजय कुमार ने आभार प्रकट किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

**कुलसचिव**

# महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट

**MAHATMA GANDHI CHITRAKOOT GRAMODAYA VISHWAVIDYALAYA, CHITRAKOOT**

**District -Satna (M.P.) - 485 334, INDIA**

**Accredited by 'NAAC' with "A" Grade**

(Established by the Govt. of Madhya Pradesh through legislature by Act No.09 of Year 1991)


पत्र क. कु0स0/23/R7/2938

दिनांक : 04 अक्टूबर 2023

प्रति,

**प्रबन्ध मण्डल के सभी सम्मानित सदस्यगण**

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन भोपाल
2. प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, मंत्रालय, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल
3. प्रमुख सचिव, वित्त, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल
4. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल
5. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल
6. श्री अभय महाजन, संगठन सचिव, दीन दयाल शोध संस्थान, चित्रकूट, सतना, म.प्र.
7. डॉ0 राजेन्द्र सिंह नेगी, सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड, कृषि विज्ञान केन्द्र, दीनदयाल शोध संस्थान, सतना, म0प्र0
8. डॉ. यादवेन्द्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर एक्सटेंशन सर्विसेज, राजमाता सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, म0प्र0
9. डॉ. आर.सी. अग्रवाल, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा नई दिल्ली
10. श्री विनोद तिवारी, प्रेमनगर गली नं. 3, सतना (म.प्र.),
11. श्रीमती साधना तिवारी, ग्राम पोस्ट माधवगढ़, जिला सतना म0प्र0
12. सुश्री उर्मिला श्रीवास्तव, अध्यक्ष, सर्वोदय आश्रम, सिकन्दरपुर, टडियावा, हरदोई (उ.प्र.)
13. प्रो. संजीव शर्मा, डायरेक्टर, स्कूल आफ इनफारमेशन टेक्नालाजी, राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्ववि., भोपाल
14. डॉ. अखिलेश तिवारी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी, माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्ना. एण्ड साइंस, ग्वालियर
15. डॉ. विवेक विनायकराव धोमडी, पो. एवं तहसील, अष्टी, जिला वर्धा

**विषय– प्रबंध मण्डल की 62वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

माननीय महोदय/महोदया

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के प्रबन्ध मण्डल की 62वीं बैठक दिनांक 03 अक्टूबर 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। इस बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

(संलग्नक– उपरोक्तानुसार)

आदेशानुसार

4.10.2

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, मध्य प्रदेश को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. माननीय कुलपति महोदय, म.गाँ.चि.ग्रा.वि., चित्रकूट एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल।

कुलसचिव

# प्रबंध मण्डल की 62वीं बैठक

## (दिनांक 03 अक्टूबर 2023)

समय : पूर्वान्ह 11:00 बजे

# कार्यवृत्त

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय
चित्रकूट–485334, सतना (मध्यप्रदेश)

एवं ग्राम प्रसार की गतिविधियों के माध्यम से जन समस्याओं के संकलन एवं निदान की दिशा में ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही को भी बताया गया। कुलपति प्रो. मिश्रा ने विश्वविद्यालय के ऐसे विद्यार्थियों, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है की भी सराहना की। प्रो. मिश्रा ने विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति के संबंध में भी प्रकाश डाला। प्रो. रमेश चन्द्र त्रिपाठी, प्रभारी कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

| क्रमांक | कार्य–सूची के बिन्दु एवं निर्णय |
|---|---|
| 62.1 | प्रबंध मंडल की 61वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं पालन प्रतिवेदन।<br>**निर्णय : कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।** |
| 62.2 | विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन।<br>मा. कुलपति महोदय द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेण्टेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गयी। |
| 62.3 | विद्या परिषद की 54वीं बैठक (दिनांक 12 अप्रैल 2023) एवं 55वीं बैठक (दिनांक 20 सितम्बर 2023) का कार्यवृत्त।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.4 | वित्त समिति की बैठक का कार्यवृत्त– विश्वविद्यालय के वित्तीय मामलों पर विचार करने हेतु शासन द्वारा गठित वित्त समिति की 22वीं बैठक दिनांक 25 सितम्बर 2023 को सम्पन्न हुई।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| | (अ) वित्त समिति द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय का पुनरीक्षित बजट अनुमान सत्र 2022–23 एवं बजट अनुमान सत्र 2023–24<br>**निर्णय : अनुमोदित** |
| | (ब) वित्त समिति द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय का वार्षिक लेखा सत्र 2021–22<br>**निर्णय : अनुमोदित** |
| 62.5 | विश्वविद्यालय के समस्त महिला कर्मचारियों (विश्वविद्यालय की समस्त महिला स्टाफ) को शैक्षणिक सत्र 2023–24 से 07 दिवसों का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश (सी.एल) दिये जाने के सम्बंध में।<br>**निर्णय : अनुमोदित** |
| 62.6 | डॉ. वीरेन्द्र कुमार व्यास, प्रोफेसर, कला संकाय की सेवायें प्रतिनियुक्ति पर म.प्र.जन अभियान परिषद् भोपाल में निदेशक (सेल) पद पर दिनांक 14.06.2023 से 01 (एक) वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर की गई है।<br>**निर्णय : अनुमोदित** |

| | |
|---|---|
| 62.7 | सुश्री नीरजा नागदेव, द्वारा प्रभारी कुलसचिव के पद पर दिनांक 11.01.2023 पूर्वान्ह से कार्यभार ग्रहण करने की सूचना।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.8 | श्री बसंत कुमार तिवारी सहायक श्रेणी–2 के निलम्बन की सूचना।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी। जांच समिति का प्रतिवेदन आगामी बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।** |
| 62.9 | श्री कमलेश पाल सहयोगी (चौकीदार) को सेवा में बहाल किये जाने के सम्बन्ध में।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.10 | श्री श्यामनारायण भावे, सहायक श्रेणी–2 द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 11.04.2023 पूर्वान्ह से कार्यभार ग्रहण करने की सूचना।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.11 | श्री अशोक कुमार चतुर्वेदी, तकनीकी सहायक द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की सूचना।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.12 | डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, कला संकाय की (वर्तमान में प्रोफेसर इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक म.प्र.) धारणाधिकार दिनांक 10.01.2023 को समाप्त होने के फलस्वरूप दिनांक 11.01.2023 पूर्वान्ह से कार्यभार ग्रहण न करने के कारण इस विश्वविद्यालय से सेवा समाप्त किये जाने की सूचना।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.13 | मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने के सम्बंध में।<br>**निर्णय : अनुमोदित** |
| 62.14 | श्री रविनंदन यादव, सहयोगी (माली) का प्रकरण।<br>**निर्णय : अनुमोदित** |
| 62.15 | विश्वविद्यालय के शिक्षक/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति एवं निधन की सूचना<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.16 | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय – |
| 62.16.1 | विद्या परिषद की 56वीं विशेष बैठक (दिनांक 01 अक्टूबर 2023) का कार्यवृत्त।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |
| 62.16.2 | विश्वविद्यालय के शिक्षकों की यू.जी.सी. नियमानुसार CAS प्रक्रिया प्रारम्भ करने की जानकारी विषयक।<br>**निर्णय : सूचना ग्रहण की गयी।** |

62.16.9 विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति में सुधार करने के सम्बंध में–

निर्णय : विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति निम्नवत है–

1. डॉ. आर.सी. अग्रवाल, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा नई दिल्ली– अध्यक्ष
2. श्री अभय महाजन, संगठन सचिव, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट– सदस्य
3. श्री उत्तम कुमार बनर्जी, चार्टर्ड इंजीनियर एवं स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट, 22 कीर्ति बाजार, सेमरिया चौंक, सतना– सदस्य
4. प्रो. संजीव शर्मा, डायरेक्टर, स्कूल आफ इनफारमेशन टेक्नालाजी, राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल– सदस्य

उक्त समिति विश्वविद्यालय में अकादमिक, शोध, परियोजना एवं अन्य के द्वारा वित्तीय सुधार के सम्बंध में अभिमत देगी।

उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य विशेषज्ञों को नामित करने हेतु कुलपति म.गॉ.चि.ग्रा.वि.वि. को अधिकृत किया गया।

.10.23

कुलसचिव

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट

प्रबंध मण्डल की 62वीं बैठक, दिनांक 03 अक्टूबर 2023, पूर्वान्ह 11:00 बजे

# कार्यवृत्त

प्रो. भरत मिश्रा, कुलपति, म.गां.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट की अध्यक्षता में प्रबंध मण्डल की 62वीं बैठक 03 अक्टूबर 2023 को महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, सतना, में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन सम्पन्न हुई।

## बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यगण

| क्र. | नाम एवं पद | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. भरत मिश्रा, कुलपति, म.गाँ.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट | अध्यक्ष |
| 2 | श्री अभय महाजन, संगठन सचिव, दीन दयाल शोध संस्थान, चित्रकूट | सदस्य |
| 3 | डॉ. राजेन्द्र सिंह नेगी, सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड, कृषि विज्ञान केन्द्र, दीनदयाल शोध संस्थान, सतना | सदस्य |
| 4 | श्री यादवेन्द्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर, एक्सटेंशन सर्विसेज, राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर | सदस्य |
| 5 | श्रीमती साधना तिवारी, ग्राम–पोष्ट मांधवगढ, सतना,म.प्र. | सदस्य |
| 6 | श्री विनोद तिवारी, प्रेमनगर, गली नम्बर 3, सतना, म.प्र. | सदस्य |
| 7 | सुश्री उर्मिला श्रीवास्तव, अध्यक्ष, सर्वोदय आश्रम, सिकन्दरपुर, टडियाला, हरदोई | सदस्य (आनलाइन उपस्थित) |
| 8 | प्रो. संजीव शर्मा, डायरेक्टर, स्कूल आफ इनफारमेशन टेक्नालाजी, राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल | सदस्य (आनलाइन उपस्थित |
| 9 | डॉ. आर.सी. अग्रवाल, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा नई दिल्ली | सदस्य (आनलाइन उपस्थित |
| 10 | डॉ. विवेक विनायकराव घोगढ़ी, पोष्ट व तहसील अश्ती, जिला– वर्धा | सदस्य |
| 11 | प्रो. रमेशचन्द्र त्रिपाठी, कुलसचिव, म.गाँ.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट | असदस्य सचिव |

सर्वप्रथम कुलपति प्रो. भरत मिश्रा द्वारा प्रबंध मण्डल के सभी सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कुलपति महोदय ने पावर प्वाइंट प्रजेण्टेशन के द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। नियमित, दूरवर्ती एवं सी.एम.एल.डी.पी के माध्यम से संचालित विविध पाठ्यकमों की समीक्षा करते हुए समयानुकूल आवश्यकताओं/राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मापदण्डों के अनुरूप प्रारम्भ किये गये नवीन पाठ्यकमों की जानकारी भी दी गयी।

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देश पर सिकलसेल एनीमिया कार्यकम के अन्तर्गत इस विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न गतिविधियों की भी जानकारी दी गयी। साथ ही आदिवासी बहुल ग्रामों को गोद लेकर ग्राम प्रवास

| | |
|---|---|
| 62.16.3 | विश्वविद्यालय में शैक्षणिक रिक्त पदों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी करने बावत।<br><br>निर्णय : अनुमोदित |
| 62.16.4 | विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप में कतिपय शैक्षणिक पदों के विषय परिवर्तन करने विषयक।<br><br>निर्णय : अनुमोदित |
| 62.16.5 | महामहिम राज्यपाल के उपसचिव के पत्र कमांक 938/2023/रा.स. /यू.ए.–1 दिनांक 21 सितम्बर 2023 के अनुपालन में डॉ. अभय वर्मा की विश्वविद्यालय के आदेश दिनांक 31/01/2023 के विरूद्ध की गयी अपील के सम्बंध में।<br><br>निर्णय : प्रबन्ध मण्डल में डॉ. अभय कुमार वर्मा (सेवानिवृत्त) के द्वारा की गई अपील तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत तथ्यों पर विचार करते हुये सम्मानित सदस्यों ने डॉ. अभय कुमार वर्मा, प्रवक्ता (इतिहास) के सम्बंध में विज्ञापित पद के अनुरूप की गयी कार्यवाही को मान्य किया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यालय आदेश कमांक स्था/2023/2533 दिनांक 30/01/2023 पर भी अपनी सहमति देते हुए डॉ. वर्मा द्वारा प्रस्तुत अपील को अमान्य किया गया। |
| 62.16.6 | विश्वविद्यालय में गैर शैक्षणिक पदों में से अति आवश्यकतानुसार संविदा (नियत वेतन) पर नियुक्त करने की सैद्धांतिक स्वीकृति बावत।<br><br>निर्णय : अनुमोदित |
| 62.16.7 | विश्वविद्यालय के दूरवर्ती कार्यकम एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी. कार्यकम हेतु एक–एक नये चार पहिया वाहन इनोवा/एस.यू.व्ही. या अन्य इनके समकक्ष वाहन का कय हेतु प्रस्ताव–<br><br>निर्णय : प्रबन्ध मण्डल की 53वीं बैठक दिनॉक 26.04.2018 के बिन्दुकमांक 53.10 द्वारा अनुमोदित एवं वित्त समिति की 21वीं बैठक 25.09.2023 के बिन्दु कमांक 06 की संस्तुति के आलोक में एक वाहन कय की स्वीकृति दी गयी। |
| 62.16.8 | डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ला के प्रकरण के सम्बंध में–<br>प्रबंध मण्डल की 61वीं बैठक (दिनांक 16 दिसम्बर 2022) के बिन्दु कमांक 61.7 द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रकरण का विधिवत परीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रबंध मण्डल की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय।<br><br>निर्णय : इस प्रकरण से संबंधित श्री बसंत कुमार तिवारी, सहायक श्रेणी–2 (निलंबित) के द्वारा की गई कार्यवाही पर एक जॉच समिति गठित की गई है। जॉच समिति का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रबन्ध मण्डल की अगली बैठक में सम्पूर्ण प्रकरण प्रस्तुत किया जाये। |